8 शब्द भंडार

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- अर्थ के आधार पर शब्दों की जानकारी प्राप्त कराना।
- शब्दों की पहचान व व्यावहारिक प्रयोग समझाना।
- शब्द-संपदा समृद्ध कराना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- क्या एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हो सकते हैं?
- क्या एक शब्द के समानार्थी शब्द हो सकते हैं?
- क्या शब्दों के अर्थों के उलटे अर्थ संभव हैं? उन्हें क्या कहते हैं?
- अनेक शब्दों के लिए प्रयुक्त एक शब्द को क्या कहते हैं?
- कुछ शब्द सुनने में एक समान प्रतीत होते हैं, पर उनके अर्थ भिन्न होते हैं, ऐसे शब्दों को क्या कहते हैं?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - जो शब्द लगभग समान अर्थ बताते हैं, 'समानार्थी' या 'पर्यायवाची शब्द' कहलाते हैं।
  - जो शब्द एक-दूसरे का विपरीत अर्थ बताते हैं, 'विलोम शब्द' कहलाते हैं।
  - ऐसे शब्द जो एक से अधिक अर्थ बताते हैं, 'अनेकार्थी शब्द' कहलाते हैं।
  - वे शब्द जो सुनने में समान प्रतीत होते हैं, परंतु अर्थ में भिन्नता होती है, वे 'श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द' कहलाते हैं।
  - बड़े कथन या वाक्यांशों के लिए एक शब्द भाषायी सौंदर्य बढ़ाते हैं।
  - शब्दों का बाहुल्य, विविधता, प्रयोग की समझ ही भाषा की सुंदरता है।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।